NEWS CLIPPING: 06.04.2018

PUNJAB KESARI

कार्यकारिणी में महिला शिक्षकों की भागीदारी बढ़ाने का सुझाव

कुलपति ने फैकल्टी एसोसिएशन से की मुलाकात

फरीदाबाद, 5 अप्रैल, वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद की फैकल्टी एसोसिएशन (शिक्षक संघ) की नवचयनित कार्यकारिणी ने वीरवार को कुलपति प्रो.दिनेश कुमार से मुलाकात की। कार्यकारिणी के नए सदस्यों ने कुलपति दिनेश कुमार को अपना परिचय दिया तथा एसोसिएशन की भावी योजनाओं से अवगत करवाया।

नए कार्यकारिणी सदस्यों को बधाई देते हुए कुलपति दिनेश कुमार ने एसोसिएशन को कार्यकारिणी में महिला सदस्यों की भागीदारी को बढ़ाने का भी सुझाव दिया। फैकल्टी एसोसिएशन के संपन्न हुए चुनावों में इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग में सहायक प्रोफेसर विनोद कुमार राठौर को अध्यक्ष चुना गया है। वहीं दूसरी तरफ विनोद राठौर ने एसो.के निवर्तमान अध्यक्ष मणिकांत यादव को 47 मतों के अंतर से हराया।

कार्यकारिणी के शेष सदस्यों को निर्विरोध चुन लिया गया। इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग में सहायक प्रोफेसर डॉ.सुनील जादव को उपाध्यक्ष, कम्प्यूटर इंजीनियरिंग विभाग में सहायक प्रोफेसर डॉ.हरीश कुमार को महासचिव, आईटी विभाग में सहायक प्रोफेसर उमेश कुमार को कोषाध्यक्ष तथा प्रबंधन अध्ययन विभाग में सहायक प्रोफेसर नेहा गोयल को सदस्य चुना गया है।

पंजाब केसरी ई-पेपर
Fri, 06 April 2018
epaper.punjabkesari.in//c/276429

NEWS CLIPPING: 06.04.2018

HINDUSTAN

प्रो. विनोद संकाय संघ के अध्यक्ष

फरीदाबाद। वाईएमसीए विवि के नव नियुक्त संकाय संघ का चुनाव हुआ। इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग में सहा. प्रो. विनोद कुमार राठौर को अध्यक्ष चुना गया। उन्होंने पूर्व अध्यक्ष मणिकांत यादव को 47 मतों से हराया। अन्य सदस्यों को निर्विरोध चुन लिया गया।

इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग में सहा. प्रो.डॉ. सुनील जादव को उपाध्यक्ष, कम्प्यूटर इंजीनियरिंग विभाग में सहा. प्रो.डॉ. हरीश कुमार को महासचिव, आईटी विभाग में सहा. प्रो.उमेश कुमार को कोषाध्यक्ष तथा प्रबंधन अध्ययन विभाग में सहा. प्रो. नेहा गोयल को सदस्य चुना गया है।

AMAR UJALA

कुलपति ने फैकल्टी एसोसिएशन से की भेंट

फरीदाबाद। वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की फैकल्टी एसोसिएशन की नवचयनित कार्यकारिणी बृहस्पतिवार को कुलपति प्रो. दिनेश कुमार से मिली। कार्यकारिणी के नए सदस्यों ने कुलपति को अपना परिचय देने के साथ ही एसोसिएशन की भावी योजनाओं से अवगत करवाया। कार्यकारिणी के सदस्यों को उनके चयन पर बधाई देते हुए कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक सभी कर्मचारियों के हितों को सुरक्षित करने के लिए कटिबद्ध हैं। ब्यूरो

NEWS CLIPPING: 06.04.2018

DAINIK BHASKAR

वाईएमसीए की फैकल्टी एसो. के अध्यक्ष बने विनोद

फरीदाबाद| वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की फैकल्टी एसोसिएशन (शिक्षक संघ) की नई कार्यकारिणी चुनी गई। इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग में सहायक प्रोफेसर विनोद कुमार राठौर को अध्यक्ष चुना गया। चुनाव में विनोद राठौर ने एसोसिएशन के निवर्तमान अध्यक्ष मणिकांत यादव को 47 मतों के अंतर से हराया। कार्यकारिणी के शेष सदस्यों को निर्विरोध चुना गया। इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग में सहायक प्रोफेसर डॉ. सुनील जादव को उपाध्यक्ष, कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग में सहायक प्रोफेसर डॉ. हरीश कुमार को महासचिव, आईटी विभाग में सहायक प्रोफेसर उमेश कुमार को कोषाध्यक्ष तथा प्रबंधन अध्ययन विभाग में सहायक प्रोफेसर नेहा गोयल को सदस्य चुना गया। कार्यकारिणी के सदस्यों ने गुरुवार को कुलपति प्रो. दिनेश कुमार से मुलाकात कर विवि के विकास में अपना पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

NEWS CLIPPING: 06.04.2018

DAINIK JAGRAN

विनोद कुमार राठौर बने संकाय सचिव

जासं, फरीदाबाद : वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के संकाय संघ का चुनाव हुआ। इसमें इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग में सहायक प्रोफेसर विनोद कुमार राठौर को अध्यक्ष चुना गया है। उन्होंने पूर्व अध्यक्ष मणिकांत यादव को 47 मतों से हराया। इसके अलावा अन्य सदस्यों को निर्विरोध चुन लिया गया।

इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग में सहायक प्रोफेसर डॉ. सुनील जादव को उपाध्यक्ष, कम्प्यूटर इंजीनियरिंग विभाग में सहायक प्रोफेसर डॉ. हरीश कुमार को महासचिव, आईटी विभाग में सहायक प्रोफेसर उमेश कुमार को कोषाध्यक्ष तथा प्रबंधन अध्ययन विभाग में सहायक प्रोफेसर नेहा गोयल को सदस्य चुना गया है। नवनियुक्त सभी प्रदाधिकारी गुरुवार को कुलपति प्रो. दिनेश कुमार से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अपनी नई योजनाओं के विषय में जानकारी दी। उन्होंने विश्वविद्यालय के विकास में संघ की ओर से सकारात्मक सहयोग देने का आह्वान किया। कार्यकारिणी में महिला सदस्यों की भागीदारी को बढ़ाने पर बल दिया गया।

NEWS CLIPPING: 06.04.2018

NAVBHARAT TIMES

की मुलाकात

वस, फरीदाबाद : वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की फैकल्टी असोसिएशन (शिक्षक संघ) की नव चयनित कार्यकारिणी ने गुरुवार को कुलपति प्रो. दिनेश कुमार से मुलाकात की। कार्यकारिणी के नए सदस्यों ने कुलपति को अपना परिचय दिया और असोसिएशन की भावी योजनाओं से अवगत करवाया। फैकल्टी असोसिएशन के चुनावों में इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग में सहायक प्रफेसर विनोद कुमार राठौर को अध्यक्ष चुना गया है।